Kannur Dist. Panchayath – SSLC Mukulam Model Exam– Feb. 2017

Third Language – Hindi

Time: 90 Minutes | Total Score: 40

सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'मैं ज़मीन नहीं बेचता
बेचता हूँ हृदय
अपनी छाती से काटकर
जिसपर गिर गिरकर छिले मेरे घुटने
उस धूल और इस रक्त का प्यार
मैं बेचता हूँ।' (छिलना – തൊലി ഉരിയുക, छाती – നെഞ്ച്)

1. 'मैं बेचता हूँ'– यहाँ क्या बेचा जाता है? (ज़मीन, हृदय, रक्त) 1
2. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1
3. ज़मीन की तुलना हृदय से क्यों की गई है? 2

सूचनाः निम्नलिखित अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'पाँचवीं का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।'

4. इस प्रसंग पर आधारित एक लघु **पटकथा** तैयार करें। 4
5. बेला और साहिल की दोस्ती पर आप अपना विचार प्रकट करें। 2
6. 'पाँचवीं का रिज़ल्ट आ गया।' रेखांकित शब्द के बदले में कोष्ठक में दिए शब्दों का प्रयोग करके दो वाक्य बनाएँ। (लड़के, लड़की) 2

अ) पाँचवीं...।

आ) पाँचवीं ....।

सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्न 7 का उत्तर लिखें।

'दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे
साथ–साथ चलने को जानते थे।'

7. 'जानना' शब्द के परंपरागत अर्थ से कविता में प्रयुक्त शब्द में क्या अंतर है? 2

सूचनाः निम्नलिखित अंश पढ़ें और 8 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'थोड़ी देर बाद उनको 'ऊँटों का एक झुंड दिखाई देता है। आठ मील दूर रामदेवरा स्टेशन तक पहुँचकर अगर इंतज़ार करें तो आधी रातवाली ट्रेन उन्हें मिल सकती है। फेलू ने तय किया कि वे ऊँटों से स्टेशन तक जाएँगे।'

8. इस प्रसंग पर फेलू और ऊँटवाले के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें। 4

9. '.... उनको ऊँटों का झुंड दिखाई देता है। उनको में प्रयुक्त सर्वनाम लिखें। 1

उनको = ... + को

सूचनाः निम्नलिखित अंश पढ़ें और प्रश्न 10 का उत्तर लिखें।

'कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार'

10. इस प्रसंग पर चार्ली की माँ के एक दिन की **डायरी** लिखें। 4

सूचनाः 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़ें और प्रश्न 11 का उत्तर लिखें।

'इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसी के लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।'

11. प्रेमचंद की कहानी 'ठाकुर का कुआँ' में जातीय असमानता की समस्या दर्शनीय है। जातीय असमानता रोकने और जातिप्रथा समाप्त करने का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचनाः 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का निम्नलिखित अंश पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

'इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं। उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।'

12. फूलदेई के संबंध में आप क्या जानते हैं? एक **टिप्पणी** लिखें। 3

13. '...बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।' वाक्य में रेखांकित अंशों का सीधा संबंध किस शब्द से है? (नहीं, कोई, त्यौहार) 1

सूचनााः कवितांश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए
बच्चे, बहुत छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं।'

14. कविता में किस समस्या का वर्णन है? 1

15. बचपन में क्या-क्या सुविधाएँ मिलनी चाहिए। अपना विचार प्रकट करें। 2

16. कविता की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें। 4

निर्देशः निम्नलिखित 4 वाक्यों में से 2 सही वाक्य चुनकर लिखें।

लड़की रोनी लगी।	लड़के रोने लगे।
मुझे पानी पीनी पड़ती है।	मुझे पानी पीना पड़ता है।

17. अ) .... आ) 2